साहित्य का नोबेल पुरस्कार 2024

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

ऐतिहासिक आघातों और जीवन की नाज़ुकता का पता लगाने वाले **"गहन काव्यात्मक गद्य"** के लिये, **दक्षिण कोरियाई उपन्यासकार हान कांग** को स्वीडिश अकादमी, स्टॉकहोम, स्वीडन द्वारा **वर्ष 2024** के **साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित** किया गया है।

- हान कांग **साहित्य में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पहली दक्षिण कोरियाई लेखक** हैं,जो दक्षिण कोरिया के साहित्यिक परिदृश्य के लिये एक ऐतिहासिक क्षण है।

//

हान कांग कौन है?

- **परिचय:** वर्ष 1970 में जन्मी हान कांग एक प्रसिद्ध उपन्यासकार और कवि हैं, उन्हें उनके **गहन काव्यात्मक गद्य के लिये जाना जाता है,** जिसमें गीतात्मकता एवं कथात्मकता का संयोजन है। उनकी शैली ने शारीरिक और भावनात्मक सहानुभूति को विशिष्ट ढंग से सम्मिश्रित करके समकालीन साहित्य को पुनर्परिभाषित किया है।
- **प्रमुख साहित्यिक योगदान:**
  - **द वेजिटेरियन (वर्ष 2007):** यह उनका सफल उपन्यास था, जिसका **अनुवाद वर्ष 2015 में डेबोरा स्मिथ ने किया** और इसने **वर्ष 2016 का मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार** जीता।
    - अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार**, जिसे वर्ष 2005 में मैन बुकर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार** के रूप में स्थापित किया गया था, **अंग्रेज़ी में अनुवादित और साथ ही यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित** किसी एकल उपन्यास के लिये दिया जाता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक साहित्य को बढ़ावा देना तथा **लेखक व अनुवादक दोनों** के योगदान को प्रोत्साहित करना शामिल है।
  - **ह्यूमन एक्ट्स (वर्ष 2016)** : वर्ष 1980 के ग्वांगजू नरसंहार पर केंद्रित है, जहाँ दक्षिण कोरियाई सैन्य बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों एवं नागरिकों को मार डाला था।
    - यह पुस्तक आघात और सामूहिक स्मृति का दूरदर्शी कृति संक्षिप्त तरीके से अन्वेषण करती है।

नोट: वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार रवीन्द्रनाथ टैगोर को **"उनकी अत्यधिक मार्मिक और सुंदर कविता"** के लिये प्रदान किया गया था, जिसे उन्होंने अपने अंग्रेज़ी शब्दों में व्यक्त किया तथा पश्चिमी साहित्य का हिस्सा बनाया।

- रवींद्रनाथ टैगोर के उल्लेखनीय साहित्यिक योगदानों में मानसी, गीतांजलि, साधना: जीवन का बोध, **तथा** चित्रा: एक नाटक शामिल हैं।
- वर्ष 2023 के लिये साहित्य का नोबेल पुरस्कार नॉर्वे के **लेखक और नाटककार जॉन फॉसे** को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिये दिया गया, जो अवर्णनीय को आवाज़ देते हैं।"



नोबेल पुरस्कार 2024 की अन्य घोषणाओं का संदर्भ: [भौतिकी](), [फिजियोलॉजी या चिकित्सा](), [रसायन विज्ञान]() में नोबेल पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-nobel-prize-in-literature-2024